मंच संचालन स्क्रिप्ट इन हिंदी | Manch Sanchalan Script in Hindi PDF

-नमस्कार दोस्तो, संस्कारधानी कला परिषद् द्वारा होली मिलन के सुअवसर पर आयोजित इस सुरों से गुनगुनाती हुई शाम में मैं अमित 'मौलिक' आज के कार्यक्रम के अतिथि गण, विशिष्ट जन एवम आप सब संगीत प्रेमियों का बहुत बहुत स्वागत करता हूँ-एहतराम करता हूँ । आज की इस सुरीली शाम को सुर बद्ध करने वाली हमारे शहर की जानी मानी आरकेस्ट्रा मेलोडी एंड रिदम एवं उनके सभी ख्यातनाम कलाकारों का भी स्वागत करता हूँ। आप से अनुरोध है कि एक बार जोरदार तालियां संस्कारधानी कला परिषद् के लिये बजा दे। -ऐसी ही जोरदार तालियां एक बार हमारी आरकेस्ट्रा मेलोडी एंड रिदम के स्वागत में भी बजा दें। धन्यबाद -दोस्तो, तमाम तरह की मानवीय प्रतिक्रियाओं में एक काबिले जिक्र प्रतिक्रिया है मुग्ध हो जाना। और मुग्धता एक रूहानी स्थिति है जो किसी भी प्रकार की रुचिकर क्रिया से उत्पन्न होती है। हमारी रूह-हमारी आत्मा को कोई क्रिया जब लुभाती है तो हम मन्त्रमुग्ध हो जाते हैं और यह स्थिति किसी ध्यान से कम नहीं होती, ध्यान जहाँ हम स्वयं को भूल जाएं, खो जाएँ। निःसंदेह संगीत के माध्यम से भी ईश्वर के निकट जाया जा सकता है। तो आइये आज हम इन सुरों के संसार में खो कर, मन्त्र मुग्ध हो कर स्वयं को भूलें और एक आनंद यात्रा आरम्भ करें। -मित्रो, जैसी कि हमारी भारतीय संस्कृती की विशेषता है किसी भी सांस्कृतिक आयोजन के पहले हम श्री गणेश वंदना करते हैं। मैं मेलोडी एंड रिदम की गायिका सुश्री गीता ठाकुर से अनुरोध करता हूँ कि वो मंच पर आयें और श्री गणेश वंदना के क्रम को पूर्ण करें । बहुत ही सुमधुर ईश वंदना। धन्यवाद गीता जी । सारा प्रेक्षाग्रह ऊर्जामयी प्रतीत होता हुआ। -दोस्तो, चूँकि यह एक संगीत का कार्यक्रम है अतः हम माँ सरस्वती को पुष्प अर्पण करते हुए उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करेंगे । -मैं आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ....जो कि ....हैं, मैं उनके जादुई व्यक्तित्व को दो पंक्तियाँ अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलन के लिए मंच पर आमंत्रित करना चाहता हूँ... इसके बाद एक एक करके सभी संगीतकार्यो को मंच पर बुलाकर उनका स्वागत करे और उनके परफॉरमेंस के बाद उनका धन्यवाद दे| बहुत ही धमाकेदार प्रस्तुति। जोरदार तालियां दोस्तो। निश्चित रूप से संस्कार धानी कला परिषद् के हम सब बहुत बहुत आभारी हैं जिन्होंने ऐसे मधुर गीत संगीत का जादुई संसार यहाँ रचा। हम उनको धन्यबाद प्रेषित करते हुए उनसे विनम्र आग्रह करते हैं कि वो इस पुनीत सिलसिले को अनवरत जारी रखें। उनके लिए एकबार जोरदार तालियां । साथ ही हम आरकेस्ट्रा मेलोडी और रिदम के गायक कलाकार एवं वादक कलाकारों को बधाइयाँ प्रेषित करते हैं कि उन्होंने अपनी सांगीतिक निपुणता से इस कार्यक्रम को सफल से सफलतम की श्रेणी में पहुँचाया। सभी संगीत के जानकार और सुधीजनों को भी बहुत बहुत धन्यबाद। निश्चित रूप से एक कार्यक्रम तभी सफल और सार्थक होता है जब आप जैसे संगीत रसिक और संगीत विज्ञ लोग श्रोताओं के रूप में मिलते हैं। आप सभी को बहुत बहुत धन्यबाद।

स्कूल के फेयरवेल पार्टी के फंक्शन की मंच संचालन स्क्रिप्ट

Female Anchor – परम आदरणीय Principal Sir एवम हमारे सभी आदरणीय गुरुजन, आप सबके चरणों में सादर वंदन करती हूँ। आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित, हमारे विद्यालय के सभी वरिष्ठ जनों को सादर नमन करती हूँ। एवम, हम सभी juniors के well-wishers, हमारे सभी seniors को सादर प्रणाम करते हुये, हमारे सभी साथियों का भी यथायोग्य अभिवादन करती हूँ। मेरा नाम...........है और मैं class.....की student हूँ। आज हमारे school............के इस कार्यक्रम में मैं आप सबका हार्दिक-हार्दिक स्वागत करती हूँ। साथियो किसी शायर ने क्या खूब कहा है कि... सुख-चैन की छाँव से आगे निकल गए, हम ख़्वाबों के गाँव से आगे निकल गए। जी हाँ दोस्तो, आज का कार्यक्रम भी इसी तरह का कार्यक्रम है। एक कशमकश, एक जद्दोजहद एवम उलझनों के रंग हम सब juniors के चेहरे पर झलक रहे हैं। आज हमें इस बात का एहसास हो रहा है कि अपने आत्मीय जनों को विदाई देना और स्वजनों से विदाई लेना, दुनिया का सबसे दुरूह कार्य है। दोस्तो, आज का दिन उनके नाम है जो क़िस्मत से मिलते है, क़ीमत से नहीं जी हाँ मित्रो, हमारा आज का आयोजन भी विदाई (farewell) का आयोजन है। हमारे दिल में अपने अग्रजों (seniors) से विछोह की पीड़ा तो है लेकिन हम इस पीड़ा अनदेखा करते हुए आज के इस आयोजन को एक उत्सव की तरह की तरह मनायेंगे- farewell party की तरह मनायेंगे। हम आज अपने seniors को भाव भीनी विदाई देंगें, उनके bright future के लिए प्रार्थना करेंगे। साथ ही हम उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगें, उनका स्नेह प्राप्त करेंगे। दो पंक्तयाँ कहना चाहती हूँ कि... ख्वाहिशें आली होंगी, आसमान बन जांयेंगीं ये उदासीयां गर्क होकर, मुस्कान बन जांयेंगीं आप तालियाँ बजाकर, हौसलों को हवा देते रहें आप की तालियाँ महफ़िल की, जान बन जांयेंगीं तो एक बार हमारे सभी सीनियर्स के लिये ज़ोरदार तालियाँ हो जायें इसके बाद सभी परफॉरमेंस की एक एक करके शुरुवात करे और कलाकारों का या उनके ग्रुप का स्वागत करे| परफॉरमेंस होने के बाद उनका धन्यवाद करे| आप सबके जज़्बे को मैं शत-शत नमन करती हूँ आपके सहयोग के बिना यह उत्सव आसान नहीं था ज़ोरदार तालियाँ आप सभी के लिये। मैं प्रिंसिपल सर.......को कोटिशः धन्यवाद-आभार कहती हूँ। उनकी प्रेरणा, उनका अमूल्य सहयोग, उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद के बिना यह आयोजन एक दिवास्वप्न की तरह था। मैं ....सर का कोटिशः आभार करती हूँ जिन्होंने हमें अपनी बट बृक्ष जैसी शीतल छाँव आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता करके हमें प्रदान की। मैं अपने सभी गुरुजनों को कोटिशः आभार करना चाहती हूँ। ढेरों मुश्किलें थीं, बहुत सारी उलझनें थीं, लेकिन सबने हमारी मदद की, हमें अमूल्य मार्गदर्शन दिया। मैं अपने seniors को धन्यवाद कहती हूँ कि उन्होंने सदा हम juniors को स्नेह दिया, हमें जब-जब भी मुश्किल हुई उन्होंने सदा ही हमें guide किया। हम सब उनके अप्रतिम स्नेह के आभारी हैं। मैं अपने सभी साथी सहपाठियों

को मंच से बहुत ही बड़ा शुक्रिया कहना चाहती हूँ। हमारे मित्रों ने दिन-रात परिश्रम करके इस भव्य आयोजन की तैयारी की। मैं उनकी बहुत-बहुत आभारी हूँ। बहुत-बहुत शुक्रिया। Thank you very much।